पंजाब केसरी 27/03/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 26 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग एवं मैनेजमैंट विभाग, इन्क्यूबेशन सैंटर एवं टैक्नो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मीठापुर का शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता एवं तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस शैक्षिक भ्रमण में एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. के लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने इन्क्यूबेशन सैंटर की कार्यप्रणाली को समझा तथा नवीन व्यावसायिक एवं तकनीकी विचारों पर सार्थक चर्चा की। इस सत्र ने विद्यार्थियों को न केवल नए दृष्टिकोण प्रदान किए, बल्कि उनके भीतर सृजनात्मक सोच एवं उद्यमिता के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित किया। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस भ्रमण का संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग की सहायक प्राध्यापक नीलम, कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की सहायक प्राध्यापक प्रियंका वर्मा तथा मैनेजमैंट विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शुभम कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इन सभी ने विद्यार्थियों को पूरे कार्यक्रम के दौरान निरंतर दिशा-निर्देश प्रदान किए।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार की दिशा में कार्य करने, सृजनात्मक सोच विकसित करने तथा अपने विचारों को व्यवहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रयास सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने तथा उद्यमिता कौशल के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।